# अत्याधुनिक सत्र में छात्रों को मिले अनुभव

## यूपीईएस में इमर्सिव लर्निंग की शुरुआत

देहरादून, 16 मई (नवोदय टाइम्स): यूपीईएस ने इंसिआडएक्सआर के साथ मिलकर एमबीए छात्रों के लिए इमर्सिव लर्निंग की शुरुआत की। इस सत्र में छात्रों को अत्याधुनिक अनुभव मिले। शुक्रवार को यूपीईएस के स्कूल ऑफ बिज़नेस ने इन्सिआडएक्सआर के सहयोग से एक अनोखा और अत्याधुनिक सत्र आयोजित किया।

इस पहल के साथ, यूपीईएस भारत के उन पहले संस्थानों में शामिल हो गया है, जिसने मैनेजमेंट शिक्षा में एक्सटेंडेडरियलिटी को अपने एमबीए पाठ्यक्रम में शामिल किया है। पायलट सत्र का उद्देश्य आलोचनात्मक सोच और टीम सहयोग को बेहतर बनाना था। वर्चुअलरियलिटी हेडसेट पहनकर, छात्र इमर्सिव और प्रभावशाली परिवेशों में पहुंच गए।



*अत्याधुनिक सत्र में मौजूद एमबीए के छात्र।*

इनसिमुलेशन्स ने छात्रों को एक अनोखा अवसर दिया। इसमें वे बहु-इंद्रियात्मक वातावरण में जटिल व्यवसायिक परिस्थितियों के साथ सीधे रूप से जुड़ सके, जो वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों के बहुत करीब था। यह पहल छात्रों के बीच बहुत उत्साह के साथ देखी गई, क्योंकि उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से जाना कि कैसे इमर्सिवटेक्नोलॉजी पारंपरिक शिक्षा से परे जाकर उनके कौशल को निखार सकती है।